आरएनआई नं. - UTTHIN/2015/63339

Website: www.news123.co.in

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक

न्यूज वन टू थ्री

सच पर नजर

सुविचार

हम भी वही है...
संबंध भी वही हैं,...
रास्ते भी वही है...
बदलते हैं.....
तो सिर्फ.....
समय, संयोग और नजरिया !

कंगना राणावत

। वर्ष 5 । अंक 13 । पृष्ठ 8 लालकुआं (नैनीताल) मंगलवार 26 मई से 01 जून 2020 । मूल्य 5.00

यह ईद कई अनगिनत कारणों से पहले जैसी नहीं - सानिया

नई दिल्ली, भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ने अपने प्रशंसकों को ईद की मुबारकबाद दी है। लेकिन साथ ही उन्होंने इस बात को लेकर भी चिंता जताई है कि इस बार की ईद कई अनगिनत कारणों से पहले जैसी नहीं है। सोमवार को देश के अधिकतर हिस्सों में ईद का पर्व मनाया गया। सानिया ने साथ ही उन लोगों के लिए भी दुआ करने की अपील की जो इस समय कोरोनावायरस से पीड़ित है। सानिया ने ट्विटर पर लिखा, इस बार का ईद कई अनगिनत कारणों के कारणों से पहले जैसा नहीं है। इस ईद पर, चलो जरूरतमंदों के बारे में भी थोड़ा सोचते हैं, जो अपने जीवन के लिए कोरोनावायरस महामारी से लड़ रहे हैं और वे लोग जो विमान दुर्घटना या किसी अन्य चीज के कारण उनकी जान गंवा चुके हैं। ऐसे लोगों और उनके परिवारों के लिए भी प्रार्थना करें। सानिया ने साथ ही सामाजिक दूरी का संदेश देते हुए कहा कि इस मुश्किल समय में घर पर रहना सबसे अच्छी बात है। उन्होंने कहा, इस ईद, हम सब अलग-अलग रहते हुए एक साथ आते हैं और एक बेहतर संसार की कामना करते हैं। साथ ही हम मुश्किल समय के गुजरने की दुआ करते हैं। मैं ईद के मौके पर घर में अपनों के बीच रह रहीं हू, आप भी वहीं करें।

राष्ट्रपति ने अपना 30फीसदी वेतन पीएम-केयर्स फंड में दिया

नई दिल्ली, राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने एक साल के लिए अपना 30 फीसदी वेतन पीएम-केयर्स फंड में दे दिया है। कोरोनावायरस महामारी के खिलाफ लड़ाई के लिए पीएम-केयर्स फंड की स्थापना की ÷ई है, जिसमें देश भर से और सरकारी-निजी समेत हर तबके से लो÷ अपना यो÷दान दे रहे हैं।

इससे पहले भी बीएसएनएल, दिल्ली मेट्रो समेत कई सरकारी विभा÷ और संस्थान के लो÷ अपनी सैलरी का कुछ हिस्सा पीएम-केयर्स फंड में दान दे चुके हैं।

उत्तराखण्ड में प्रवासियों के आने से कोरोना पॉजेटिव केस बड रहे है

मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिह रावत ने कहा कि कोरेन्टीन किये गये व्यक्ति कोरेन्टीन नियमो का पालन नही करते है। तो उनसे सख्ती से पालन करवाया जाए।

हल्द्वानी , (सूचना) . मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिह रावत ने कहा कि उत्तराखण्ड में विभिन्न प्रान्तो से आ रहे प्रवासियों के आने से कोरोना पॉजेटिव केस बड रहे है ऐसे मे सभी लोगों को एहतियात बरतने की जरूरत है। यह बात मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेते हुये कही। उन्होने कहा कि विभिन्न प्रान्तो से उत्तराखण्ड के लोगों को लाने का निर्णय सरकार द्वारा लिया गया है। सरकार को पहले से ही अनुमान था कि बाहर से लोगों को लाने पर कोरोना केस बढेंगे इसलिए सरकार पहले से ही तैयारियों में जुटी है। उन्होने कहा कि सरकार हर परिस्थिति से लडने व निपटने के लिए तैयार व सक्षम है। समीक्षा बैठक मे मुख्य सचिव श्री उत्पल कुमार सिह तथा वित्त एवं स्वास्थ्य सचिव अमित नेगी भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री श्री रावत ने कहा कि कोरेन्टीन किये गये व्यक्ति कोरेन्टीन के नियमों का पालन करें जो कोरेन्टीन व्यक्ति कोरेन्टीन नियमो का पालन नही करते है। उनसे सख्ती से पालन करवाया जाए। उन्होने कहा कि संक्रमण का दौर है सभी जनता अपनी जिम्मेदारियों को समझे व इस लडाई मे सहयोग करें। मुख्यमंत्री ने जनपद में कोविड -19 मे किये जा रहे कार्यो एवं व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आधुनिकतम उपकरणों की व्यवस्था कर रही है। बढते संक्रमण को देखते हुये सुशीला तिवारी चिकित्सालय को और अन्य उपकरणों व संसाधनो की आवश्यकता हो उसकी मांग तत्काल शासन को उपलब्ध करायें ताकि व्यवस्था की जा सके। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य विभाग हमारी फ्रंट लाइन वारियर टीम है इसलिए स्वास्थ्य कर्मी सहज व सक्रिय रहकर कार्य करें। उन्होने कहा मेडिकल वेस्ट का नियमानुसार डिस्पोज किया जाए। उन्होने इस संक्रमण काल मे आईएमए द्वारा दिये जा रहे सहयोग की सराहना की, इसके साथ ही प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा रात-दिन तत्परता के साथ जो सेवाये दी जा रही है वह भी प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री श्री रावत ने कहा कि कोरोना संक्रमण के लिहाज से आनेवाले 10 दिन काफी अहम होंगे ऐसे में हम एहतियात बरतने की जरूरत होगी तथा संयम से कार्य करने व रहने का समय है। उन्होने कहा जिन्हे कोरेन्टाइन किया गया है अगर अगले 10 दिन तक उनकी रिपोर्ट नगेटिव आने के साथ ही उनमें दूसरे लक्षण भी नही दिखते है तो ऐसे लोगो को घर भी भेजा जा सकता है। उन्होने सभी अधिकारियो व कर्मचारियो से कहा कि वह पूरी तत्परता कार्य कुशलता एवं निष्ठा के साथ संक्रमण काल मे टीम भावना के साथ दायित्यों का निर्वहन करें। केबिनेट मंत्री श्री यशपाल आर्य एवं सांसद श्री अजय भटट ने कहा बाहर से आने वाले प्रवासियों से अपील की है कि वे कोरेन्टीन के नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें, नियम तोडने वालों से सख्ती से निपटने के भी निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होने जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग व अन्य विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा इस आपदा दौर मे किये जा रहे कार्यो की सराहना करते हुये उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होने कहा कि सरकार की पहली प्राथमिकता प्रत्येक आम नागरिक को बचाने की है। मुख्य सचिव श्री उत्पल कुमार सिह ने बताया कि राज्यभर मे अब तक 1.54 लाख लोग आ चुके है। जबकि देश के विभिन्न प्रान्तों से उत्तराखण्ड आने के लिए 2.47 लाख लोगो ने पंजीकरण कराया है। उन्होने कहा कि विभिन्न प्रान्तों से लोगो का आना बढ रहा है इसलिए आने वाले समय में कोविड केयर चिकित्सालय में पर्याप्त व्यवस्थाओं के साथ ही कोरेन्टीन सेन्टर में भी पर्याप्त व्यवस्थायें रखी जांए। उन्होने कहा कि होम एवं संस्थागत कोरेन्टीन किये गये व्यक्तियो की नियमित चैंकिंग की जाए तथा कोरेन्टीन का पालन कराया जाए जो कोरोन्टीन नियमो का पालन नही करता है उनके खिलाफ कार्यवाही की जाए। श्री कुमार ने कोरेन्टीन सेन्टर व स्टेजिंग एरिया मे साफ सफाई व्यवस्था, सेनेटाइजेशन आदि की व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिये।जिलाधिकारी श्री सविन बंसल ने बताया कि बाहर से आने वाले लोगो का स्वास्थ विभाग द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण करने के उपरान्त ही उन्हे होम अथवा संस्थागत कोरेन्टीन किया जा रहा है। उन्होने जनपद में प्रवासियों के सर्वलांस, स्कैनिंग,स्वास्थ्य परीक्षण एवं कोरेन्टीन पर नजर रखने हेतु जनपद में 27 आईडीएसपी टीमें, 84 वीआरटी, 126 सीआरटी, 30 आरआरटी की टीमे लगाई गई है जो सतत् निगरानी कर रही है। श्री बंसल ने बताया कि एसटीएच को कोविड चिकित्सालय बनाया गया है चिकित्सालय मे 337 बैड आईसीयू, 220 बैड कोरोना पॉजेटिव हेतु, 85 आईसोलेशन बैड तथा 35 बैड वेंटिलेटर हेतु बनाये गये है। उन्होने बताया की कोरोना महामारी के दौरान गम्भीर बीमारी उपचार हेतु 6 प्राइवेट चिकित्सालय भी अधिगृहित किये गये है, जिनमें सरकारी अथवा आयुष्मान दरों पर ही ईलाज किया जा रहा है

अभी तक 20 गम्भीर बीमारी से ग्रसित लोगो का ईलाज किया जा चुका है। जनपद में 121 कोरेन्टीन सेंटर शहरीय व ग्रामीण इलाको मे संचालित है। श्री बंसल ने बताया कि अभी तक जनपद मे 20465 पास जारी किये गये है, विभागीय निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिये गये है। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों मे 7921 प्रवासी पहुचे है, जिसमें से 5493 प्रवासी को होम कोरेन्टीन व 2428 को संस्थागत कोरेन्टीन किया गया है। जबकि शहरों मे 6479 प्रवासी विभिन्न प्रान्तो से पहुचे है।

बैठक मे विधायक नवीन दुम्का, संजीव आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, उपाध्यक्ष आनन्द सिह दरम्वाल, मण्डी परिषद अध्यक्ष गजराज बिष्ट, जिलाध्यक्ष भाजपा प्रदीप बिष्ट,पीआरओ मुख्यमंत्री विजय बिष्ट, दर्जा धारी मंत्री प्रकाश हर्बोला, बहादुर सिह बिष्ट, मेयर डा0 जोगेन्द्र पाल सिह रौतेला, प्रकाश रावत,सभापति मण्डी मनोज साह, रविन्द्र रैकुनी, तरूण बंसल, प्रदीप जनौटी, प्रमोद तोलिया के अलावा डीआईजी जगत राम जोशी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार मीणा, मुख्य विकास अधिकारी विनीत कुमार, सीएमओ डा0 भारती राणा, एमडी केएमवीएम रोहित मीणा, आरएफसी ललित मोहन रयाल, अपर जिलाधिकारी एसएस जंगपागी, केएस टोलिया, प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज डा0 सीपी भैसोडा, डा0 अरूण जोशी. सिटी मजिस्टेट प्रत्यूष सिह, श्रमायुक्त दीप्ति सिह के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे। प्रस्थान से पूर्व मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिह रावत ने स्टेजिंग एरिया अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार का निरीक्षण कर स्टेजिंग एरिया की व्यवस्थाओ का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री श्री त्रिवेन्द्र सिह रावत सर्किट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेते हुये

शासकीय कार्यो मे लापरवाही बरतने के आरोप मे पटवारी,ग्राम विकास अधिकारी,जीआईसी बेतालघाट के सहायक अध्यापक के खिलाफ एफआईआर दर्ज

बेतालघाट , के तल्लीसेठी गांव मे बने कोरेन्टाइन सेन्टर में 5 वर्ष की बच्ची अंजलि की मृत्यु पर जिलाधिकारी श्री सविन बंसल ने शोक व्यक्त किया है। श्री बंसल ने कहा है कि बच्ची के परिजनों को वन विभाग की ओर से निर्धारित मुआवजा राशि का जल्द ही भुगतान किया जायेगा। कोरेन्टाइन सेन्टर मे तैनात किये गये राजकीय कर्मचारियों की लापरवाही को गम्भीरता से संज्ञान मे लेते हुये जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित कर्मचारी के विरूद्व देर रात एफआईआर दर्ज करने के निर्देश जारी किये थे जिसके क्रम में नायब तहसीलदार बेतालघाट द्वारा सम्बन्धित थाने मे मृतक बच्ची के ताऊ खीम सिह की शिकायत पर शासकीय कार्यो मे लापरवाही बरतने के आरोप मे पटवारी राजपाल सिह, ग्राम विकास अधिकारी उमेश जोशी, जीआईसी बेतालघाट के सहायक अध्यापक करन सिह

5 वर्ष की बच्ची अंजलि की मृत्यु पर जिलाधिकारी श्री सविन बंसल ने शोक व्यक्त किया है। श्री बंसल ने कहा है कि बच्ची के परिजनों को वन विभाग की ओर से निर्धारित मुआवजा राशि का जल्द ही भुगतान किया जायेगा।

के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। उपजिलाधिकारी ऋचा सिह की रिपोर्ट पर सम्बन्धितों के खिलाफ आईपीसी की धारा 188, 269,270,304 (ए) तथा आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा इस प्रकार की गम्भीर कार्यवाही प्रदेश स्तर की पहली गम्भीर कार्यवाही है। जिलाधिकारी की इस कार्यवाही से जनपद भर के कर्मचारियों मे ह?कम्प मचा हुआ है। गौरतलब है कि प्राथमिक विद्यालय तल्लीसेठी बेतालघाट के कोरेन्टाइन सेन्टर मे 16 लोग कोरेन्टाइन है इसमें महेन्द्र का परिवार भी था। इस परिवार की कोरेन्टाइन अवधि मंगलवार को पूरी हो रही थी। जिलाधिकारी श्री बंसल ने चेताया है कि भविष्य मे ऐसा कोई मामला सामने आया तो लापरवाहा कर्मचारी के खिलाफ कडी कार्यवाही अमल मे लाई जायेगी। उन्होने दो टूक शब्दों मे कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रो मे स्थापित किये गये सभी कोरेन्टीन सेन्टर पर जिस स्टाफ की तैनाती की गई है वहां वह आपने दायित्व पूरी तत्परता एवं निष्ठा से अनुपालन करे किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नही होगी। लापरवाही की दशा में कडी से कडी विधिक कार्यवाही भी अमल मे लाई जायेगी। उन्होने कहा कि आपदा के इस काल में सभी अधिकारी अपने मोबाइल चैबीस घंटे खुले रखें तथा आने वाली सभी कॉल को अनिवार्य रूप से अटैंड करें तथा लोगों की समस्याओं का निराकरण करते हुये उन्हे सहयोग करें। श्री बंसल ने जिला विकास अधिकारी रमा गोस्वामी तथा जिला पंचायतराज अधिकारी अतुल प्रताप सिह तथा मुख्य शिक्षा अधिकारी केके गुप्ता को निर्देश दिये है कि तैनात किये गये सभी कर्मचारियों तथा अध्यापकों की वीडियो कॉल के माध्यम से सभी तैनात लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करें।

लाल कुआं की समस्या के लिए सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह खाती,व पूर्व चेयरमैन पवन चौहान ने की मुख्यमंत्री उत्तराखंड से मुलाकात

लालकुआ नैनीताल सर्किट हाउस काठगोदाम मे सूबे के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत से शहर की प्रमुख समस्याओं को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप बिष्ट के नेतृत्व में लालकुआं के पूर्व चेयरमैन पवन चौहान व सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती मिले लालकुआं नगर पंचायत के सीमा विस्तार करने के लिए उनसे आग्रह किया और जो बाहर से प्रवासी लालकुआं ट्रेन से लाए जा रहे हैं उनको हल्दी स्टेशन में रोककर संबंधित क्षेत्र में भेजा जाए श्री चौहान,श्रीखाती ने मुख्यमंत्री से कहा लालकुआं एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है इस वजह से हमेशा संक्रमण का खतरा बना हुआ है द्य ऐसे में ट्रेनों का लालकुआं स्टेशन के बजाय प्रवासीयो को हल्दी स्टेशन में उतार कर के उनके गंतव्य को भेजा जाए द्य पवन चौहान ने बताया मुख्यमंत्री ने उनके दोनों आग्रह को स्वीकार किया है ।

श्री चौहान, श्री खाती ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए

किसी भी प्रकार से नहीं होने दी जाएगी दिक्कत,ख्याल रखना हमारा कर्तव्य - उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) संदीप सैनी

रूद्रपुर 2020- प्रदेश सरकार के पहल पर देश/प्रदेश के अन्य क्षेत्रों से लॉक डाउन में फंसे प्रवासी उत्तराखण्ड वासियों/जनपद वासियों का लगातार आगमन प्रारम्भ है। उक्त जानकारी देते हुये उप सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) संदीप सैनी ने बताया आज राधास्वामी सत्संग ब्यास यात्री बेस कैम्प में राज्य के अन्य जनपदो/अन्य राज्यो से 186 लोग यहा पहुंचे जिसमें गुजरात से 03, महाराष्ट्र से 01, अमृतसर से 28, पंतनगर से 07, बरेली से 03, हिमांचल से 119, काशीपुर से 01, देहरादून से 01, बनबसा से 10 व खटीमा से 13 लोग पहुचे जिन्हे स्वास्थ्य परीक्षण के उपरान्त विभिन्न वाहनो द्वारा अपने-अपने गन्तव्यं को रवाना किया गया। उन्होने बताया राधास्वामी सत्संग, रूद्रपुर से 34 लोगो को किच्छा, 106 लोगो को खटीमा, 26 लोगो को पंतनगर, 34 लोगो को रूद्रपुर, 04 लोगो को केलाखेडा, 04 लोगो को बाजपुर, 19 लोगो को काशीपुर, 07 लोगो को नानकमत्ता, विभिन्न वाहनो द्वारा अपने गन्तव्य को भेजा गया। उन्होने बताया रूद्रपुर से 42 लोगो को हल्द्वानी, 15 लोगो को दिल्ली, 06 लोगो को मुरादाबाद, 15 लोगो को हरियाणा, 02 को हरिद्वार विभिन्न बसो के माध्यम से उनके गन्तव्य को भेजा गया। उन्होने बताया 12 लोगो को राधास्वामी सत्संग, रूद्रपुर से हल्द्वानी स्टेजिंग एरिया को उनके गन्तव्य को रवाना हेतु भेजा गया। श्री सैनी ने बताया राधास्वामी सत्संग पहुचने पर यहां पहुंच रहे सभी लोगों का मेडिकल टीम की देख-रेख में थर्मल स्केनिंग तथा स्वास्थ परीक्षण किया गया व उनको सोशल डिस्टेन्स आदि का भी अनुपालन कराया गया। सभी यात्रियो की भोजन, पानी की व्यवस्था की गयी।

सोनी ने भारत में नई ब्राविया श्रंखला के टीवी लॉन्च किए

नई दिल्ली, सोनी इंडिया ने मंगलवार को 4के अल्ट्रा एचडी एलईडी डिस्प्ले के साथ ऑल-न्यू ब्राविया एक्स 8000एच और एक्स7500एच टीवी सीरीज की घोषणा की। 85एक्स8000एच की कीमत 5 लाख 99 हजार 990 रुपये, 65एक्स8000एच की कीमत 1 लाख 39 हजार 990 रुपये और 55एक्स7500एच की कीमत 79 हजार 990 रुपये होगी। सोनी के नए 4के एचडीआर टीवी विभिन्न आकारों में उपलब्ध हैं। अगली पीढ़ी के स्मार्ट टीवी %ट्राईल्यूमिनस% डिस्प्ले के साथ एकदम वास्तविक तौर पर देखने जैसा अनुभव देते हैं, जो वीडियो लेंस से लिविंग रूम में रंग, प्रकाश और उन्नयन की सूक्ष्म बारीकियों को पेश करता है। नए ब्राविया टीवी में अल्ट्रा-विविड पिक्च र के साथ-साथ इमर्सिव साउंड एक्सपीरियंस देने के लिए एक्स-बैलेंस्ड स्पीकर हैं। यह गूगल असिस्टेंट द्वारा संचालित वॉयस सर्च के

साथ एंड्रॉइड 9 पाई के साथ आता है। ब्राविया एक्स8000एच में एप्पल होमकिट और एयरप्ले सपोर्ट भी है, जो कंटेंट स्ट्रीमिंग के लिए सोनी टीवी के साथ आईपैड्स और आईफोन्स जैसे एप्पल डिवाइस को इंटीग्रेट करता है। नए लॉन्च किए गए ये मॉडल भारत में सभी सोनी सेंटर, प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक स्टोर और ई-कॉमर्स पोर्टल्स पर उपलब्ध हैं।

मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी डा. सुनील कुमार सिंह को मिला कोरोना योद्धा सम्मान पत्र

अयोध्या । वैश्विक महामारी कोना वायरस से लाक डाउन के चलते निराश्रित व जरूरतमंद लोगों को मन से की गई सहायता से गुरुद्वारा दुख हरण निवारण संस्था अयोध्या द्वारा डा सुनील सिंह को कोरोना योद्धा सम्मान पत्र देकर किया गया सम्मानित डा सुनील सिंह ने बताया की बाहर से आ रहे प्रवासियों से वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के वर्तमान में फैलने के संकेत ज्यादा मिल रहे हैं बचाव ही इसका उपचार है एक दूसरे से उचित दूरी बनाए रखना अच्छी तरह हाथ पैर धो कर रखना आवश्यकता पड़ने पर ही घर से बाहर निकलना माक्स का प्रयोग करना सरकार द्वारा बताए गए नियमों का पालन करना न्यायालय अथवा अन्य दफ्तरों में पहुंचने पर उचित दूरी बनाए रखना ही वैश्विक महामारी से बचाव किया जा सकता है आम जनता इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए वैश्विक महामारी कोरोना से स्वयं बचे तथा दूसरों को भी बचाने में मदद करें।

डा सुनील सिंह